19.11.2025 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10pm

प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री- आंध्र प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज आंध्रप्रदेश के पुट्टपर्थी पहुँचे और श्री सत्य साईं बाबा के जन्म शताब्दी समारोह में भाग लिया। समारोह को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारतीय सभ्यता का केंद्रीय मूल्य 'सेवा' है, जिसे साईं बाबा ने निष्काम सेवा, चरित्र निर्माण और मूल्य-आधारित शिक्षा से जोड़ा।

इस अवसर प्रधानमंत्री मोदी और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने मिलकर साईं बाबा के जीवन और शिक्षाओं को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज छतरपुर जिले के चंद्रनगर में 350 साल पुराने बुंदेला महल को नवीनीकृत कर बनाए गए पांच सितारा होटल का उद्घाटन किया , जिससे प्रदेश और जिले में पर्यटन को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री आज पन्ना जिले के पवई विधानसभा क्षेत्र में आयोजित हितग्राही सम्मेलन में शामिल होंगे, जहां वे क्षेत्र के लिए 82.62 करोड़ रुपये की लागत के 14 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे।

विशेष गहन पुनरीक्षण

निर्वाचन आयोग ने कल बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) के दूसरे चरण की शुरुआत के बाद से मतदाताओं के बीच 50 करोड़ 97 लाख फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। यह इस चरण में शामिल 51 करोड़ मतदाताओं का 98.54 प्रतिशत है। SIR का दूसरा चरण नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में इस महीने की चार तारीख से शुरू हुआ है। इसी क्रम में, भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई। कलेक्टर सिंह ने सभी से समय पर प्रपत्र भरकर बीएलओ को प्रदान करने का आह्वान किया और राजनीतिक दलों से सक्रिय सहयोग की अपील की।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

56वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (IFFI) 2025 कल, गोवा शुरू होगा । इस महोत्सव में 80 से अधिक देशों के फिल्म निर्माता शामिल होंगे, और इसमें भारत तथा विश्व भर की 270 से अधिक फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। इनमें 13 वर्ल्ड प्रीमियर और 46 एशियन प्रीमियर शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य दुनिया भर के फिल्मकारों को एक मंच पर लाना, कला के माध्यम से सहयोग बढ़ाना है, जिसके तहत स्क्रीनिंग के साथ-साथ कार्यशालाएं, मास्टरक्लास और फ़िल्म बाज़ार भी आयोजित किए जाएंगे।

सीतारामन- बजट पूर्व

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट वर्ष 2026-27 के संबंध में बैंकिंग, वित्तीय सेवाओं और बीमा क्षेत्र के विशेषज्ञों के साथ 7वें बजट पूर्व परामर्श की अध्यक्षता की। इस बैठक में वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी, आर्थिक मामलों के विभाग के सचिव, केंद्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

समाचार संक्षेप में –

- प्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी और मढ़ई अब हवाई सेवा से जुड़ गए हैं। पर्यटक 20 नवंबर से भोपाल से हेलीकॉप्टर द्वारा सीधे इन स्थानों पर पहुँच सकेंगे, जिससे 5-6 घंटे का सफ़र मात्र 60 मिनट में पूरा होगा।
- आगर-मालवा जिले में एसडीएम मिलिंद ढोके ने एसआईआर प्रक्रिया के तहत गणना पत्रक वितरण और डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया।कार्य में कम प्रगति के चलते 72 बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।
- कटनी जिले में कौशल विकास और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई। सभी सरकारी और निजी आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों) की प्रशिक्षण स्थिति, प्रवेश, परिणाम और प्लेसमेंट का आकलन किया गया।